तापमान

अधिकतम 24.0 डिग्री

न्यूनतम 10.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 6 जनवरी 2026



10 हिंदुत्व भारत की आत्मा है, सर्व हिंदू समाज के...



12 नगर में विकास कार्यों का भूमिपूजन, 26.05...






## खबर संक्षेप

### ब्लॉक स्तरीय महिला खेल 9 से 10 जनवरी तक कसडोल में

**कसडोल।** जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में विकासखण्ड स्तरीय महिला खेल का आयोजन 9 एवं 10 जनवरी को शासकीय पीएम श्री आत्मानंद स्कूल मैदान कसडोल में किया जाना है। इस प्रतियोगिता में 9 से 18 एवं 18 वर्ष से ऊपर 35 वर्ष से नीचे के खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता में एथलेटिक्स 100 मी., 400 मी. दौड़ एवं तवा फेक इसके अलावा खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कुश्ती, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वेटलिफ्टिंग, रस्साकस्सी ये सभी खेल इस प्रतियोगिता में शामिल है, जो भी प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में शामिल होना चाहते हैं वो अपना पंजीयन स्कूल के माध्यम से एवं स्टार लाईन स्पोर्ट्स क्लब में करा सकते हैं ।

### अछोली में हिन्दू सम्मेलन आज

**पलारी।** नगर के समीपस्थ गांव अछोली प में सकल हिंदू समाज के बैनर तले हिंदू सम्मेलन का आयोजन 6 जनवरी को गौरा चौक अछोली में 12 बजे से किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह जिला कार्यवाह तुलेन्द्र वर्मा होंगे। हिन्दू सम्मेलन में सर्व हिंदू समाज को शामिल होने की अपील की गई है।

### चाचा ने की मारपीट

**महासमुंद।** भतीजे के साथ मारपीट करने वाले आरोपी के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को नोवीचंद निवासी काकेनचुवा ने बताया कि 03 जनवरी की रात करीब 10 बजे नीलांबर दीवान के परछी में गांव के लोगों के साथ बैठ कर बातचीत कर रहा था, उसी समय उसके चाचा मुरली प्रसाद दीवान ने आकर डंडे से मारपीट की। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### दामाद को खाना खाने बुलाने गए व्यक्ति से मारपीट

**महासमुंद।** छेरछेरा के मौके पर दामाद को खाना खाने बुलाने गए एक व्यक्ति के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। प्रार्थी प्रेमसागर चौहान निवासी ग्राम इंदरपुर 03 जनवरी की रात्रि करीबन 8 बजे मेरे बड़े भाई हेमसागर के दामाद राजेश पटेल को छेरछेरा त्योहार के चलते खाने पर बुलाने अपने साथी राकेश व मनोज के साथ मोटर सायकल से गया था। जब उसने राजेश को खाना खाने चलने कहा तब राजेश पटेल के पिता बालकराम पटेल व मोतीराम पटेल के द्वारा एक राय होकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। मोतीलाल ने अपने हाथ में रखे डंडे से उसके सिर में मार दिया व जान से मारने की धमकी दी।

### आर्थिक सहायता मंजूर

**महासमुंद।** प्रदेश के वाणिज्य और उद्योग, आबकारी एवं श्रम विभाग मंत्री लखनलाल देवांगन ने अपने स्वेच्छानुदान मद से जिले के एक जरूरतमंद के लिए आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। इनमें बसना विखं अंतर्गत ग्राम बिरसिंगपाली के निवासी बोधेश्वर पटेल के लिए राशि स्वीकृत किया गया है। संबंधित को स्वीकृत राशि प्राप्त करने के लिए बैंक पास बुक, आधार कार्ड एवं स्वयं की दो फोटो अपने संबंधित क्षेत्र के तहसील कार्यालय में तहसीलदार के पास अविलंब प्रस्तुत करना होगा।

### लभराखुर्द स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला लभराखुर्द में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जनपद महासमुंद के सीईओ बीएस मंडावी ने अपने पुत्र प्रियांशु मंडावी के जन्मदिन के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला लभराखुर्द में न्योता भोज किया।

# हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब, नगर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में संगठित हिंदू समर्थ भारत के ध्येय को लेकर बलौदाबाजार के दशहरा मैदान में भव्य हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में समाज के प्रबुद्धजन, महिलाएं और युवा शामिल हुए।

सम्मेलन का शुभारंभ गुरुनानक बस्ती के पांच अलग-अलग स्थानों से निकली भव्य कलश कीर्तन यात्रा के साथ हुआ। गाजे-बाजे के साथ निकली यह यात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए नया बस स्टैंड पहुंची, जहां सभी यात्राओं का संगम हुआ। यहां से मुख्य मार्ग होते हुए यात्रा कार्यक्रम स्थल दशहरा मैदान पहुंची।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि बृजेन्द्र शुक्ला संचालक, आईसीएस अकादमी बिलासपुर एवं विभिन्न समाज प्रमुखों द्वारा दीप प्रज्वलन व मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस अवसर पर सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों में रिधिका सिंह द्वारा गाए भजन रामा रामा रटते रटते बीती रे उमरिया और तेज राम यादव के एकल गीत ने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर संघचालक मनीष बरनवाल ने हिंदू समाज ▸▸ शेष पेज 11 पर

**हनुमान चालीसा पाठ किया और सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई**





**जनसांख्यिकी असंतुलन बड़ी चुनौती**

मुख्य अतिथि बृजेन्द्र शुक्ला ने हिंदू समाज के समक्ष वर्तमान चुनौतियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा आज देश के कई राज्यों में हिंदू अल्पसंख्यक की श्रेणी में आ गए हैं। हमें आपसी मतभेदों को भुलाकर एकजुट होना होगा। धर्म परिवर्तन जैसी चुनौतियों का सामना केवल भाषणों से नहीं, बल्कि हिंदू जीवन शैली को आचरण में लाने से ही संभव है।

**आयोजन : पुलिस अधीक्षक ने ली अपराध समीक्षा बैठक**

# जिले में लंबित मामलों का जल्द होगा निराकरण कानून व्यवस्था और सुदृढ़ होगी, एसपी का निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिला पुलिस मुख्यालय में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता की अध्यक्षता में अपराध समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारियों को लंबित अपराधों के त्वरित निराकरण और कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु कड़े निर्देश दिए।

पुलिस अधीक्षक ने एजेंडावार समीक्षा करते हुए वर्ष 2025 के बचे हुए लंबित अपराधों, चालान, मर्ग और शिकायतों के निराकरण की स्थिति जानी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि हत्या के प्रयास और अपहरण जैसे गंभीर मामलों की विवेचना जल्द पूर्ण की जाए। धारा 173(8) भादवि के मामलों का इस माह के अंत तक निकाल सुनिश्चित किया जाए। जांच और विवेचना में गुणवत्ता और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।







बैठक के दौरान एसपी भावना गुप्ता ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले थाना प्रभारियों की सराहना की। इसमें सिटी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय झा, कसडोल प्रभारी निरीक्षक शशांक सिंह और हथबंद प्रभारी निरीक्षक प्रमोद सिंह को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए विशेष रूप से सराहा गया।

इसके अतिरिक्त, अपराध निराकरण और आरोपियों को सजा दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कुल 37 अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह एवं हेमसागर सिदार, एसडीओपी भाटापारा तारेश साहू, एसडीओपी बलौदाबाजार सुश्री अपूर्वा क्षत्रिय, डीएसपी मुख्यालय राजेश श्रीवास्तव, डीएसपी कौशल किशोर वासनिक, डीएसपी यातायात अमृत कुजूर सहित जिले के समस्त थाना/चौकी प्रभारी और कार्यालयीन स्टाफ उपस्थित थे।

**जन जागरूकता पर दिया जोर**

जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक ने यातायात प्रभारी को दुर्घटना रोकने हेतु प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, गांवों और स्कूलों में यातायात जागरूकता अभियान निरंतर चलाया जाए। विद्यार्थियों और आम नागरिकों को नियमों के प्रति जागरूक किया जाए। समाधान सेल से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित और निष्पक्ष कार्रवाई की जाए।

# आधा किलो गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ खरोरा



वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के दिशा-निर्देशों और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन में खरोरा पुलिस ने नशीले पदार्थों के खिलाफ अभियान चलाते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध रूप से गांजा बेच रहे एक आरोपी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

- आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज, न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

जानकारी के अनुसार, रविवार 4 जनवरी को थाना खरोरा पुलिस और साइबर स्टाफ की संयुक्त टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम गनियारी क्षेत्र में एक व्यक्ति अवैध रूप से गांजा खपाने की फिराक में है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने बताए गए स्थान पर घेराबंदी की और संदेही को पकड़ लिया।

तलाशी के दौरान आरोपी के पास रखे सफेद प्लास्टिक झोले से 0.526 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा बरामद हुआ। जब्त किए गए गांजे की अनुमानित कीमत करीब 12 हजार रुपए बताई जा रही है।

आरोपी की पहचान

गनियारी वार्ड क्रमांक 14, रावणभांठा, थाना खरोरा निवासी 58 वर्षीय विजय कुमार सेन के रूप में की गई है।

पुलिस ने गांजे के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे जाने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। इसके बाद पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 20(B) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तारी की लिखित सूचना परिजनों को देने के बाद आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया, जहा से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# चेक पोस्ट में बिना कागजात के 62 बोरी धान व पिकअप जब्त



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

जिले में अवैध धान परिवहन एवं भण्डारण पर कड़ी निगरानी की जा रही है। थोक विक्रेताओं एवं चेक पोस्ट पर लगातार जांच जारी है, जिससे अवैध धान खपाने की मंशा विफल हो रही है।

- धान की अवैध बिक्री करने महासमुंद से लायी जा रही थी

इसी कड़ी में रविवार को बारनवापारा क्षेत्र में ग्राम रवान में महासमुंद जिले से 63 बोरी अवैध धान परिवहन करते हुए पिकअप को जब्त कर राजादेवरी थाने में सुपुर्द किया गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसीलदार सोनाखान लव कुमार ने ग्राम रवान में धान परिवहन करते एक पिकअप को पूछ ताछ कर दस्तावेज प्रस्तुत करने कहा गया जिस पर चालक द्वारा महासमुंद जिले से धान परिवहन की जानकारी दी, लेकिन कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया। चालक द्वारा बताए अनुसार पिकअप में 63 बोरा धान डला हुआ पाया गया जिसे पिकअप सहित राजादेवरी थाने को सुपुर्द किया गया।

# चुरेला में जैतखाम के अपमान पर आरोपी ने मांगी सार्वजनिक माफी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बिलाईगढ़

सारंगढ़ के समीप ग्राम चुरेला में जैतखाम का अपमान करने और वीडियो बनाने वाले से समाज के लोगों ने सार्वजनिक रुप से मांगी मंगाई है।

- वीडियो वायरल होने के बाद लोगों में आक्रोश

जानकारी के अनुसार रमेश सोनी नामक एक मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति ने शराब के नशे की हालत में जैतखाम के पास अनुचित आचरण किया, जिसका एक अन्य व्यक्ति ने वीडियो बना लिया। वीडियो सामने आने के बाद गांव में आक्रोश फैल गया। घटना की जानकारी मिलते ही समाज के लोगों ने दोनों व्यक्तियों को बुलाकर समझाइश दी। सामाजिक बैठक के बाद उनसे सार्वजनिक रूप से माफी मंगवाई गई। दोनों का मुंडन कर गांव में घुमाया गया, दोनों से जैतखाम के समक्ष दण्डवत प्रणाम कराकर अपने कृत्य पर खेद प्रकट कराया गया। समाज के लोगों ने स्पष्ट किया कि गुरु घासीदास बाबा और उनके प्रतीकों के प्रति सम्मान बनाए रखना सभी का कर्तव्य है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद भी गांव में शांति बनी रही। समाज के वरिष्ठजनों ने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की गलतफहमी या असंयमित व्यवहार से बचें और धार्मिक व सामाजिक प्रतीकों के प्रति मर्यादा बनाए रखें।



### शैक्षिक प्रसारण लिए मासिक कैलेंडर का क्लिकेबल पीडीएफ पोस्टर तैयार

बलौदाबाजार। पीएम- ई विद्या योजना के तहत राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के निर्देशानुसार राज्य में कक्षा 9 से 12वीं के समस्त विषयों की सामग्रियों के शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रसारण डीटीएच चैनल सहित अन्य टेलीविजन चैनलों में किया जा रहा है। इस योजना अंतर्गत कार्यक्रमों के प्रसारण की समय सारणी विद्यार्थियों को प्रदान करने के उद्देश्य से माह जनवरी 2026 के लिए मासिक कैलेंडर का क्लिकेबल पीडीएफ पोस्टर तैयार किया गया है। इसमें किसी भी तिथि को टच करने से उस तिथि में प्रसारित होने समस्त शैक्षिक कार्यक्रमों की सारणी कक्षावार और विषयवार खुल जाती है।

- पीएम- ई विद्या डीटीएच चैनल के माध्यम से किया जायेगा शैक्षिक प्रसारण

इससे विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रसारण की सही जानकारी प्राप्त करने में सहायता मिलती है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़ शंकर नगर रायपुर द्वारा प्रस्तुत माह जनवरी के लिए मासिक कैलेंडर का क्लिकेबल पीडीएफ पोस्टर जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे द्वारा जारी सभी विद्यालयों के प्राचार्यों एवं शिक्षकों के साथ साथ विद्यार्थी कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाने आह्वान किया गया है।

**5 की चाय अब 7 रुपए में मिलने लगी, डिस्पोजल का मापदंड भी निर्धारित नहीं**

# चाट सेंटरों में खाने पीने की वस्तुओं के दाम बढ़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भाटापारा

शहर में अब होटल, चाट सेंटर और अन्य खाने पीने की चीजों के रेट अचानक बढ़ा दिये गये हैं। खासकर मिठाई नमकीन के दामों में अचानक हुई बढ़ोत्तरी से उपभोक्ताओं को इसका सीधा असर देखने को मिल रहा है। अधिकांश होटलों में मिष्ठान के दाम 400 से 1000 रुपए तक कर दिया गया है। वहीं ग्राहक भी इस बात को लेकर सवाल कर रहे हैं कि आखिरकार अचानक दामों में बढ़ोत्तरी का कारण क्या है। पूर्व में 5 रूपए में मिलने वाली चाय 7 रूपए कर दी गई है। अब यहां पर होगा ये कि आप 7 रुपए चिल्हर लेकर जावो नहीं तो ग्राहक को मजबूरी में दस रुपए की चाय पीनी पड़ेगी, याने 5 रुपए ग्राहक के जेब से कटेगा। वहीं होटलों में जिस डिस्पोजल में चाय दी जाती है, वह कितने एमएल का है, यह निर्धारित नहीं है। ग्राहक को जिस डिस्पोजल में चाय दी जा रही है, उसका भी उल्लेख होटल वाले नहीं, देते जबकि उन्हें बोर्ड पर मात्रा और दर दोनों को लिखना अनिवार्य है। प्रशासनिक जांच कार्रवाई नहीं होने से रेट लिस्ट और मात्रा के बोर्ड नहीं लगाये जाते, इसका सीधा नुकसान ग्राहक को ही होता है। ज्यादा चलने वाले ख्यातिनाम होटलों में एकाधिकार जैसी स्थिति देखने को मिल रही है। सड़क के किनारे लगने वाले ठेलों व गुमटियों में जो खाद्य पदार्थ बेचे जाते हैं, उनकी गुणवत्ता, मात्रा व दर का निर्धारण वे किस मापदण्ड को लेकर करते हैं यह भी स्पष्ट नहीं होता। वहीं सामान्य तौर पर होटल में नाश्ता के बाद हर व्यक्ति बाटल का पानी पीना पसंद करता है, लेकिन बाजार में आज इतने ब्रांड के पानी आ गये हैं। यह बता पाना मुश्किल हो गया है कि उसकी गुणवत्ता कैसी है, जो किसी को भी पता नहीं।





**हाटल, ढाबा, रेस्टोरेंट की लगातार जांच की जा रही : कलेक्टर**

इस संबंध में जिला ड्रग कंट्रोलर अक्षय सोनी का कहना है कि जिला कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन पर हाटल, ढाबा, रेस्टोरेंट की लगातार जांच की जा रही है। वहीं भाटापारा में समय-समय पर दबिश दी जाती है। श्री सोनी ने यह भी कहा कि होटल वालों को यह निर्देश दिये गये हैं कि जिस टंकी का पानी पीने व सामान बनाने के लिए किया जाता है, उसकी सफाई समय समय पर की जाए और पानी के शुद्धिकरण करते रहें, क्योंकि जो भी संक्रमण फैलता है, उसमें पानी प्रमुख होता है।

# जिले में अब तक 445876 मीट्रिक टन धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार



कलेक्टर दीपक सोनी ने शुक्रवार को खाद्य, सहकारिता, कृषि एवं अन्य सम्बंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने समिति एवं उपार्जन केंद्रों से तेजी से धान उठाव करने एवं बिचौलियों पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिये।

- कलेक्टर ने धान खरीदी प्रगति की समीक्षा की, उठाव में तेजी लाने और कड़ी निगरानी के दिए निर्देश

कलेक्टर ने कहा कि उपार्जन केंद्रों से शीघ्र धान उठाव कराएं, ताकि जाम की स्थिति निर्मित न हो। उन्होंने ट्रांसपोर्टर से प्रतिदिन 200 ट्रक धान उठाव के लिये लगाने तथा जो मिलर धान उठाव में रूचि नहीं ले रहे उन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये। सहकारिता एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को धान खरीदी में पारदर्शिता बनाए रखने के लिये बिचौलियों पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिये। बताया गया कि जिले के सभी 166 उपार्जन केंद्रों में धान खरीदी जारी है एवं अब तक 92505 किसानों से 445876 मीट्रिक टन धान खरीदी एवं 163617 मीट्रिक टन का उठाव किया गया है।

## खबर संक्षेप

### ऑटो में बैठे दो लोगों से 13 लाख का गांजा बरामद

**महासमुंद।** ऑटो में बैठे दो व्यक्तियों से सिंघोड़ा पुलिस ने 13 लाख रुपए 26 किलो गांजा बरामद किया है। मामले में आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। मिली जानकारी के अनुसार 5 जनवरी को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दो व्यक्ति एक ऑटो में ओडिशा की ओर से अवैध मादक पदार्थ गांजा लेकर छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने एनएच 53 रोड ग्राम रेहटीखोल के पास जाकर नाकाबंदी की। जहां कुछ समय बाद एक ऑटो क्रमांक सीजी 04 टी 8913 आई, जिसमें दो व्यक्ति सवार थे। जिन्हें रोककर पूछताछ करने अपने-अपने नाम मुर्शिद खान पिता बसीर खान (45 साल) वर्तमान पता मकान नंबर 590 जलेबी दुकान केके रोड बड़ी मस्जिद मौहदापारा रायपुर स्थाई पता मुटनी थाना बिबांर जिला हमीरपुर उत्तरप्रदेश तथा दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम सागर पिता परसुराम साड़वे उम्र 28 साल साकिन आदेवली मौना कॉलोनी आरएस टेकरी सिद्धार्थ स्कूल के बगल में थाना आमदेवली जिला थाणे महाराष्ट्र का निवासी होना बताया। ऑटो वाहन के पीछे में रखे दो बोरियो के सामान के बारे में पूछताछ करने पर गोलमोल जबाव देने लगे।

### शहीद स्मारक में चलाया गया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में स्वच्छता अभियान चलाया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला महासमुंद अध्यक्ष युवराज सिंह चन्द्रकार, प्रदीप चंद्राकर, कनक राम निषाद, नंद किशोर सिन्हा, बंशी लाल सिन्हा, रविंदर नायक, डीपी पांडे, माया राम साहू, अरविंद साहू, लक्ष्मीचंद, हरीश चंद्राकर मौजूद रहे। इस दौरान युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि शहीद स्मारक के आसपास जगह पर साफ सफाई किया गया और भारत देश में शहीद हुए हैं। शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि मातृभूमि की रक्षा के लिए अपने प्राणों के आहूति देने वाले अमर शहीदों को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की सीमाओं पर देश की सुरक्षा करने वाले हमारे बहादुर जवानों पर हम सब देशवासियों को गर्व है। भारतीय सैनिक देश और देशवासियों की सुरक्षा एवं बलिदान के लिए समर्पित भाव से सदैव तत्पर रहता है।

### स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को नई ऊर्जा के साथ काम करने किया प्रेरित

**सरायपाली।** सरायपाली खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुणाल नायक के निर्देशन में खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी टीआर धृतलहरे द्वारा विकासखंड के सभी स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों की बैठक सीएचसी सरायपाली में ली गई। जिसमें सभी स्वास्थ्य पर्यवेक्षकों को नए वर्ष में नई ऊर्जा के साथ स्मार्ट रूप से कार्य संपादित करने , शत प्रतिशत आधार बेस उपस्थिति सुनिश्चित करने, सीएनए सर्वे, छोटी माता केस का रिपोर्टिंग, एनआरसी में बच्चे भेजने, कुष्ठ रोग सर्वे केस का फॉलोअप, बिप्स प्रोग्राम, मातृ मृत्यु व शिशु मृत्यु ऑडिट समय पर करने, पल्स पोलियो अभियान के दौरान टीम द्वारा चिन्हित किए गए एक्स मार्क घरों का विजिट करने, एटीपी के अनुसार दौरा करने के लिए निर्देशित किया गया।

# मूल्यांकन पैटर्न में बदलाव, सालभर के प्रदर्शन से बनेगा रिजल्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

जिले में स्कूली शिक्षा व्यवस्था को लेकर शिक्षा विभाग ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस शैक्षणिक सत्र से कक्षा पहली से नौवीं और ग्यारहवीं के छात्रों के परीक्षा परिणाम तैयार करने की प्रक्रिया में परिवर्तन किया गया है। अब छात्रों की अंतिम मेरिट केवल वार्षिक परीक्षा के अंकों पर आधारित नहीं होगी, बल्कि इसमें साल भर होने वाली तिमाही और छमाही परीक्षाओं के अंकों को भी अनिवार्य रूप से जोड़े जाएंगे। इस नए नियम का उद्देश्य छात्रों में केवल परीक्षा के समय पढ़ने की प्रवृत्ति को खत्म कर साल भर पढ़ाई के प्रति गंभीरता बनाए रखना है। शिक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, मूल्यांकन की नई प्रणाली को अलग-अलग स्तरों पर विभाजित किया गया है जिसमें प्राथमिक स्तर पहली से चौथी कक्षा, इन कक्षाओं के नन्हे विद्यार्थियों के रिजल्ट में अब तिमाही और छमाही परीक्षाओं की अहम भूमिका होगी। कुल परिणाम में तिमाही परीक्षा के 20 प्रतिशत और छमाही परीक्षा के 20 प्रतिशत अंक जोड़े जाएंगे। शेष अंक वार्षिक परीक्षा के आधार पर दिए जाएंगे। कक्षा पांचवीं और आठवीं के लिए छमाही परीक्षा के महत्व को बढ़ाया गया है। इनके वार्षिक रिजल्ट में छमाही परीक्षा का 30 प्रतिशत वेटेज शामिल रहेगा। हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी 9वीं और 11वीं कक्षा इन कक्षाओं में भी अब तिमाही और छमाही के प्रदर्शन को वार्षिक परिणाम में स्थान दिया जाएगा, ताकि छात्र मुख्य बोर्ड परीक्षा 10वीं-12वीं के लिए मानसिक रूप से तैयार हो सकें। जिला शिक्षा विभाग की यह पहल शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने की दिशा में एक बड़ा प्रयोग है एवं 23 हजार से अधिक छात्र बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं।

## बोर्ड परीक्षा में शामिल होंगे 23 हजार परीक्षार्थी, शिक्षा विभाग ने जारी किए दिशा निर्देश

### बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी, 23 हजार होंगें शामिल

जहां एक ओर छोटी कक्षाओं के मूल्यांकन में बदलाव हुआ है, वहीं दूसरी ओर जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों में भी जुट गया है। इस वर्ष जिले से बोर्ड परीक्षा में 10वीं हाई स्कूल 12,855 विद्यार्थी एवं 12वीं हायर सेकेंडरी 10,570 विद्यार्थी शामिल होने वाले होने हैं। कुल परीक्षार्थी की संख्या 23,425 विद्यार्थी हैं। इन परीक्षार्थियों की सुविधा और निष्पक्ष परीक्षा संचालन के लिए पूरे जिले में 115 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। विभाग का स्पष्ट कहना है कि फिलहाल 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं के मूल्यांकन पैटर्न में कोई बदलाव नहीं किया गया है। इनका परिणाम पूर्व की भांति बोर्ड के नियमों के अनुसार ही आएगा।




### तिमाही-छमाही परीक्षा को नजरअंदाज करना पड़ेगा भारी

इसे सतत एवं व्यापक मूल्यांकन की दिशा में एक सही कदम बताया गया है। हालांकि, अभिभावकों का यह भी मानना है कि इसके लिए स्कूलों में समय पर पाठ्यक्रम पूरा होना और नियमित टेस्ट होना अनिवार्य है। निचली कक्षाओं के हजारों छात्रों के लिए हर दिन और हर परीक्षा महत्वपूर्ण होने वाला है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, सभी स्कूलों को इस नए वेटेज सिस्टम के बारे में सूचित कर दिया गया है और शिक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे छात्रों को इसके लाभ समझाएं ताकि वे छमाही और तिमाही परीक्षाओं को हल्के में न लें।

## आयोजन : अर्जुनी मंडल ने आयोजित किया हिंदू सम्मेलन

# हिंदुत्व भारत की आत्मा है, सर्व हिंदू समाज के सम्मेलन में पंच परिवर्तन का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ अर्जुनी





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत हिंदू सम्मेलन आयोजन समिति सर्व हिन्दू समाज अर्जुनी मंडल के तत्वावधान में हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंचस्थ संत समाज की ओर से मुख्य अतिथि देवकर साहब असंग देव कबीर आश्रम सोनपैरी, महिला वक्ता व अध्यक्षता डॉ. वर्णिका शर्मा अध्यक्ष राज्य बाल संरक्षण आयोग छ. ग. सैन्य मनोवैज्ञानिक, मुख्य वक्ता टोपलाल वर्मा प्रांत संघ चालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,छत्तीसगढ़, शालीन साहू जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बलौदाबाजार उपस्थित थे।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि देवकर साहब ने कहा कि यह हमारे लिए गौरव की बात है कि हम यहां नैतिक और सदाचार से ओतप्रोत शैक्षणिक संस्थान इस पावन शिशु मंदिर परिसर में हिंदू सम्मेलन में उपस्थित हुए हैं। यह हमें एहसास दिलाता है कि हमारी समाज के प्रति, राष्ट्र के प्रति क्या जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि समाज में समरसता का भाव होना चाहिए। हिंदू एक धर्म है, एक विचारधारा है। हिंदू ही है जो सभी धर्मों का सम्मान करता है। उन्होंने हिंदुत्व की अलग-अलग व्याख्या की। डॉ. वर्णिका शर्मा ने सम्मेलन में कहा कि आज समाज मे कुरीतियों का चारों ओर से आक्रान्तित हो रहा है, जिससे हमें समझने की आवश्यकता है। शर्मा ने माताओं को विशेष संबोधित करते हुए कहा कि जिस प्रकार माताएं कही घूमने या जाती है, तो जल्दबाजी में संचय का सामान रखना भूल जाती है, जिससे उन्हें रास्ते में खर्च करना पड़ जाता है। इसी प्रकार देश को समृद्ध बनाने के लिए हर दिशा में समझदारी से कार्य लेना चाहिए साथ ही बच्चो के मन को टटोलना चाहिए, आज कहा कि हिंदुत्व भारत की आत्मा है। मुख्य वक्ता वर्मा ने कहा ही आज हिंदू संस्कृति संकटों से जूझ रही है। आज भारत मे धर्मांतरण जैसे गतिविधियों में व्यापकता देखा जा रहा है, जिसे हिन्दू समाज कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन के विषय में कहा है। जिसमें स्वदेशीः हमारी वेशभूषा में भारतीय दर्शन हो, विदेशी वस्तुओं का न्यूनतम प्रयोग हो, त्योहारों और मांगलिक प्रसंगों को हिंदू पद्धति से मनाना। वर्मा ने पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि घर में होने वाले आयोजनों में प्लास्टिक व डिस्पोजल का उपयोग नहीं करना, वृक्ष लगाना आदि। समरसताः जाति के आधार पर किसी से भेदभाव न हो। नागरिक में समरसता का भाव होना चाहिए। कुटुंब प्रबोधनः सप्ताह में कम से कम एक बार सारा परिवार बैठे, आपस में सुसंवाद करें। पंच परिवर्तन को हमें व्रत के समान स्वीकार करना चाहिए।

इस अवसर पर गीता डोमन वर्मा जिला पंचायत सदस्य सभापति वन मण्डल एवं पर्यावरण बलौदाबाजार, जिला पंचायत सदस्य सभापति ईशान वैष्णव, बलौदाबाजार डोमन वर्मा निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष बलौदाबाजार, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज, रमेश शर्मा प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी, तुलाराम वर्मा खंड संघचालक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, टेसुलाल धुरन्धर शिक्षाविद अध्यक्ष भारतमाता सेवा ट्रस्ट छत्तीसगढ़, त्रिलोक यादव जनपद सदस्य प्रतिनिधि, विष्णु साहू उपसरपंच अर्जुनी, सरस्वती शिशु मंदिर अर्जुनी के समस्त आचार्य दीदी भैया बहने सहित आयोजक समिति सर्व हिन्दू समाज मंडल अर्जुनी उपस्थित थे।

# किरीतपुर में मानव तीर्थ का लगा युवा शिविर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिमगा

ग्राम किरितपुर में दिव्य पथ संस्थान अमरकंटक व मानव तीर्थ द्वारा मध्यस्थ दर्शन सह अस्तित्ववाद प्रणेता ए नागराज पर आधारित परिवार व्यवस्था में जीने के अध्ययन और अभ्यास के लिए 10 दिवसीय 26 दिसंबर से 4 जनवरी तक युवा शिविर का आयोजन किया। जिसमें देशभर के 18 से 30 वर्ष के युवाओं ने भाग लिये। यह युवा शिविर मानव तीर्थ का 12वां कैप रहा। इस शिविर में 30 प्रतिभागी शामिल रहे। अलग-अलग राज्यो से जिसमें महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, झारखंड आदि राज्यों से युवा शामिल हुए। इस शिविर का उद्देश्य परिवार व्यवस्था में जीने की समझ के लिए जीवन विद्या के परिचय शिविर के लिए किया गया। युवाओं को मानव तीर्थ में हो रहे अध्ययन और अभ्यास का भास हो, युवाओं के मुद्दों पर चर्चा जैसे विवाह, करियर, पहचान, संबंध जो आज के समय में एक महत्वपूर्ण विषय है। साथ ही युवाओं में मंगल मैत्री स्थापित करना तथा निश्चित व व्यवस्थित दिनचर्या का अनुभव करवाना ही इस कैंप का मुख्य उद्देश्य रहा। शिविर के अंतिम दिन के मूल्यांकन सत्र में सभी युवाओ ने अपना अनुभव साझा किया।

### कार की टक्कर से एक की मौत, एक घायल

**महासमुंद।** बसना से बिलाईगढ़ रोड में ग्राम गोडमर्रा के पास कार की टक्कर से स्कूटी में सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं एक घायल हो गया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध बसना थाने में मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। ग्राम ताला निवासी नितिन प्रधान 3 जनवरी को अपने दोस्त समीर बारिक के साथ अपने दोस्त की स्कूटी डेस्टनी क्रमांक सीजी 23 एल 6785 से घरेलू कार्य से पिरदा गया था। पिरदा से वापस अपने ग्राम ताला आ रहा था। रात करीबन09-30 बजे बसना से बिलाईगढ रोड ग्राम गोडमर्रा के पास पहुंचाने पर स्कूटी को मारूति स्विफ्ट क्रमांक सीजी 06 जीजेड 9597 के चालक द्वारा वाहन को लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाकर नितिन प्रधान की स्कूटी को टक्कर मार दिया, जिससे नितिन प्रधान के सिर,चेहरे व दाहिने पैर में गंभीर चोट लगी तथा समीर बारिक के चेहरे में चोंट लगा था। जिन्हें उपचार हेतु डायल 112 से सरकारी अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने नितिन प्रधान को मृत हो जाना बताया।

# नववर्ष का उत्साह, दो दिनों में ही गटक गए 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की शराब

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



जिले के मदिरा प्रेमियों के लिए नए साल का जश्न कुछ अलग ही रहा। जिले में नए साल के आगमन और विदाई के जश्न में शराब की रिकॉर्ड बिक्री दर्ज की गई है। आबकारी विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, साल के शुरुआती कुछ दिनों में ही जिले के लोग 12 करोड़ 2 लाख रुपये की शराब पी गए हैं। वहीं, केवल 31 दिसंबर और 1 जनवरी यानी दो दिनों में जिले में 4 करोड़ 32 लाख रुपये की शराब बिकी है। जिले में शराब की खपत ने इस बार पिछले कई रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिए हैं। यह आंकड़ा चौंकाने वाला इसलिए है क्योंकि सामान्य दिनों की तुलना में यह बिक्री कई गुना अधिक रही। लोग अंग्रेजी और देशी, दोनों ही तरह की मदिरा का आनंद लेते दिखे, हालांकि प्रीमियम ब्रांड्स की मांग इस दौरान काफी बढ़ी रही। जिले में हुई इस रिकॉर्ड बिक्री का एक बड़ा हिस्सा सरकार के खजाने में राजस्व के रूप में जाएगा। लेकिन समाज के एक वर्ग में इस भारी-भरकम आंकड़े को लेकर चिंता भी है। कई लोगों का मानना है कि मनोरंजन और जश्न के नाम पर इतनी बड़ी राशि का शराब पर खर्च होना मध्यम और निम्नवर्गीय परिवारों की आर्थिक स्थिति पर असर डालता है। जिले में साल की शुरुआत में हुई यह बिक्री दिखाती है कि त्योहारों और विशेष मौकों पर शराब की खपत तेजी से बढ़ती है। विभाग के लिए यह राजस्व का जरिया है, लेकिन आम जनता के लिए यह सेहत और जेब दोनों पर भारी पड़ता है। जिले में 12 करोड़ की शराब का आंकड़ा यह साबित करता है कि यहां मदिरा प्रेमियों की कमी नहीं है।

# स्कूलों में बच्चों को सिखाए गए यातायात के नियम

हरिभूमि नयूज ▸▸ बलौदाबाजार



जिला पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में सोमवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में यातायात जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। पुलिस टीम ने छात्र-छात्राओं को सड़क पर सुरक्षित चलने और सुगम परिवहन के लिए यातायात नियमों के महत्व को विस्तार से समझाया। उपुलिस टीम द्वारा जिले के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में पहुंचकर बच्चों को जागरूक किया गया, जिनमें शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दतरेंगी, पासीद, सेम्हराडीह और रिसदा। स्वामी आत्मानंद स्कूल पलारी एवं बलौदाबाजार। गुरुकुल स्कूल, बलौदाबाजार शामिल हैं।

पुलिस टीम ने विद्यार्थियों से अपील की कि वे न केवल स्वयं इन नियमों का पालन करें, बल्कि अपने परिजनों, पड़ोसियों और दोस्तों को भी सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करें। कार्यक्रम में स्कूल के शिक्षकों ने भी यातायात नियमों के पालन का संकल्प लिया।

### नाबालिग बच्चे वाहन न चलाएं



पुलिस विभाग ने छात्र-छात्राओं को स्पष्ट रूप से हिदायत दी कि नाबालिग बच्चे वाहन न चलाएं। यदि कोई नाबालिग वाहन चलाते हुए पाया जाता है, तो वाहन स्वामी पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा। इसके साथ ही दोपहिया वाहन पर हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट की अनिवार्यता के बारे में भी बताया गया।

### सुरक्षित सड़क पार करने के सिखाए गुर

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों ने बच्चों को सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं, जिसमें पैदल चलते समय हमेशा मार्ग की बाईं दिशा का प्रयोग करें और फुटपाथ या सड़क किनारे चलें। मार्ग पार करने के लिए हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करें और दाएं-बाएं देखकर पूर्ण सुरक्षित होने पर ही हाथ का इशारा देकर आगे बढ़ें। बस का इंतजार हमेशा कतार (लाइन) में लगकर करें। चलते वाहन से हाथ बाहर न निकालें और वाहन रुकने के बाद ही चढ़ें या उतरें।

## 35 दिनों में 87,990 किसानों ने बेचा धान, खरीदी के लिए 18 दिन शेष

# 70 हजार से अधिक किसान नहीं बेच पाए हैं धान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हुए 50 दिन बीत चुके हैं, लेकिन खरीदी की रफ्तार और उठाव की धीमी गति ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अब जबकि खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी नजदीक है, जिले में महज 18 कार्यदिवस ही शेष बचे हैं, वहीं अभी भी 70 हजार से अधिक पंजीकृत किसान अपने धान की बिक्री से वंचित हैं।

जानकारी के अनुसार, 15 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी में अब तक कुल 35 कार्यदिवसों में जिले के 1,58,983 पंजीकृत किसानों में से केवल 87,990 किसानों से ही धान की खरीदी हो पाई है। इस दौरान 5,39,556.56 टन धान उपार्जित किया गया है, जो कुल पंजीकृत किसानों का लगभग 55 प्रतिशत है। शनिवार-रविवार, मकर संक्रांति एवं 26 जनवरी जैसे अवकाशों को हटाने के बाद शेष 18 कार्यदिवसों में 70,993 किसानों से धान खरीदी किया जाना है, जो वर्तमान व्यवस्था में बेहद चुनौतीपूर्ण प्रतीत हो रहा है। ऐसे में किसान इस बात को लेकर आशंकित हैं कि क्या वे तय समय सीमा में अपना धान बेच भी पाएंगे या नहीं।

### उठाव बना सबसे बड़ी समस्या

जो किसान अभी तक समर्थन मूल्य पर धान नहीं बेच पाएं हैं उन्हें निर्धारित समय पर धान बेचने की चिंता सताने लगी है । वहीं समिति प्रबंधक उपार्जन केंद्रों से धान उठाव को लेकर चिंता में है। अब तक खरीदे गए धान में से केवल 1,28,140.83 टन धान का ही उठाव हो पाया है। कई उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से अधिक धान जमा हो चुका है, जिससे भंडारण की भारी समस्या खड़ी हो गई है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि खरीदी तो हर हाल में करनी पड़ेगी, लेकिन यदि समय पर उठाव नहीं हुआ तो अतिरिक्त भंडारण की व्यवस्था करनी पड़ेगी, जिससे समितियों पर आर्थिक बोझ बढ़ेगा।

### लिमिट और समय बढ़ाने की मांग तेज

हालांकि, जिले की धान खरीदी प्रदेश में अग्रणी मानी जा रही है, लेकिन अभी भी लगभग आधे किसान खरीदी से बाहर हैं। इसे देखते हुए किसान द्वारा धान खरीदी की सीमा (लिमिट) बढ़ाने और खरीदी की समय-सीमा आगे बढ़ाने की मांग तेज हो गई है। किसानों का कहना है कि सरकार को किसान हित में शीघ्र निर्णय लेना चाहिए, ताकि कोई भी किसान समर्थन मूल्य से वंचित न रहे।

# राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए दो बालिकाओं का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 6 से 10 जनवरी तक रांची (झारखंड) में आयोजित 69वीं राष्ट्रीय शालेय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए जिले की दो बालिकाओं का चयन हुआ है। खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर, एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग की डोमेश्वरी साहू (कक्षा 11) का रिकर्व राउंड ,दुर्गेश्वरी साहू (कक्षा 9) का कंपाउंड राउंड में अंडर-17 वर्ग के लिए चयन किया गया है।

व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई ने बताया कि दोनों खिलाड़ियों का चयन कोण्डागांव में आयोजित राज्य स्तरीय शालेय तीरंदाजी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। दोनों खिलाड़ी प्रशिक्षक एवन कुमार साहू के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास कर रही हैं।

### पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर दिखा चुकी हैं प्रतिभा

डोमेश्वरी साहू इससे पूर्व सब-जूनियर नेशनल तीरंदाजी प्रतियोगिता, ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में भी देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। खिलाड़ियों के चयन पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, सहायक आयुक्त शिल्पा साय, खेल अधिकारी मनोज कुमार धृतलहरे, एकलव्य विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं शाला विकास समिति के सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।



**खबर संक्षेप**



## राष्ट्रीय हैंडबॉल प्रतियोगिता चित्तौड़गढ़ के लिए इंशा का चयन

**महासमुंद।** द न्यू होली फेथ की होनहार छात्रा खिलाड़ी इंशा फातिमा पिता इमरान अली का चयन राष्ट्रीय हैंडबॉल खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। खेल का आयोजन चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में होगा। उत्कृष्ट खिलाड़ी अपने पिता के प्रोत्साहन द्वारा निरंतर उपलब्धि हासिल कर रही है। खेल भावना से प्रभावित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी ख्याति प्राप्त करने का लक्ष्य होलीफेथ की बेटी ने साधा है। वो उसे अवश्य ही प्राप्त होगी यही शाला परिवार की कामना है। हैंडबॉल दक्ष इंशा फातिमा की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, कोषाध्यक्ष कविता पींचा, किशोर शुक्ला, पीयूष लूनिया, दिलीप बोथरा, नंदनी चतुर्वेदी एवं प्राचार्य शर्वरी पींचा, खेल प्रभारी जगदीश धीवर, समस्त शिक्षकगण ललिता चंद्राकर, तारा प्रीतपाल सिंग, रुचि साहू, पूजा कामदार, आरती झा ने हर्ष जताया है।

## बीकेबाहरा की टीम ने जीती कबड्डी स्पर्धा



**महासमुंद।** 10 से 15 वर्ष के बच्चों के लिए कबड्डी खेल आयोजन बालक दल ग्राम खट्टा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिशा रामस्वरूप दीवान जनपद अध्यक्ष महासमुंद, अध्यक्षता राजकमल पटेल सरपंच ग्राम पंचायत खट्टा, ग्रामीण संचालन समिति के सदस्य रामस्वरूप दीवान, कमलेश सेन, गुमान दीवान और अरविंद दीवान एवं अर्जुन दीवान और साथ 28 टीमें उपस्थित थी। जिसमें पहली चार टीम के लिए पुरस्कार रखा गया था। प्रथम स्थान बीकेबाहरा और दूसरा पथर्री और तीसरा स्थान चिरको एवं चौथा स्थान राम खेड़ा ने प्राप्त किया। जनपद अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि खेल खेलने से मानसिक तनाव दूर होता है और शारीरिक विकास होता है।

## बीकेबाहरा में श्रीमद भागवत कथा आज से

**खल्लारी।** ग्राम बीकेबाहरा (खल्लारी) में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन 6 से 11 जनवरी 2026 तक किया जाएगा। कथा प्रवचनकर्ता पं. डिगेश्वर प्रसाद तिवारी होंगे। परायणकर्ता पं. गोपाल प्रसाद तिवारी हैं। प्रथम दिवस 6 जनवरी को कलश यात्रा, गौरी पूजन, गोकर्ण कथा, 7 को वराह अवतार, कपिल अवतार कथा, 8 को सति चरित्र, शिव विवाह, 9 को ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार कथा, 10 को वामन अवतार, राम अवतार, श्रीकृष्ण जन्म उत्सव, 11 को दही लूट, रासलीला, रूखमणी विवाह कथा की प्रस्तुति होगी। वहीं 12 जनवरी को सुदामा चरित्र, परिक्षित मोक्ष, तुलसी वर्षा, पूर्णाहुति, शोभायात्रा के बाद महाप्रसादी भंडारा का आयोजन किया जाएगा। उक्त आयोजन में आयोजक मंडल ने ग्रामीणजन व क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

# एक दिवसीय चिकित्सा शिविर में सैकड़ों लोगों ने कराया उपचार

**नेत्र रोग, अस्थि, रोग दंत रोग सहित सामान्य बीमारियों का उपचार किया गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन

डॉ. धीरेंद्र वर्मा दंत रोग विशेषज्ञ द्वारा अपने दादा दादी स्व. ज्वाला प्रसाद वर्मा, जगमत बाई वर्मा की पून्य स्मृति में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इसका लाभ बड़ी संख्या में लोगों ने उठाया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. अशोक वर्मा, डॉ. केशव साहू नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं अन्य चिकित्सकों द्वारा किया गया, जिसमें आसपास के मुंडा, बरदा, जुड़ा, अहिल्दा, कोरदा, डोगरा, सरवड़ीह, लवन सहित क्षेत्र के लोगों ने अपने स्वास्थ्य परीक्षण कराया एवं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। शिविर में मुख्य रूप से नेत्र रोग, अस्थि, रोग दंत रोग सहित सामान्य बीमारियों का उपचार किया गया। शिविर में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की विशेष उपस्थिति रही, जिसमें ग्राम पंचायत कोरदा के सरपंच अश्वनी वर्मा, पूर्व सरपंच खेतर ध्रुव, पूर्व जनपद सदस्य कोमल प्रसाद वर्मा, हरदी के पूर्व सरपंच रामनाथ यदु, अधिवक्ता दूजे राम यादव, कमलेश्वर यादव, मृत्युंजय वर्मा, पंकज अग्रवाल, भगवान साहू, योगेश साहू, नरेंद्र साहू, रामचंद्र वर्मा, अमित कुमार वर्मा, नीलमणि वर्मा, रामनारायण कश्यप, भूपेंद्र वर्मा, हरनारायण वर्मा, जागेश्वर वर्मा, बाबू नायक, ओम सिंह नायक, अभिषेक नायक, डा हरिश्चन्द्र वर्मा, ओम प्रकाश वर्मा, कमल किशोर वर्मा का विशेष सहयोग रहा।





### वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान

डॉ. हरिकिशन वर्मा, डॉ. हितेंद्र वर्मा, डॉ. धीरेंद्र वर्मा, कल्पना वर्मा, कल्याणी वर्मा परिवार द्वारा एक दिवसीय चिकित्सा शिविर में विशेष योगदान देने वाले सभी विभाग के डॉ अशोक वर्मा सिविल सर्जन जिला चिकित्सालय बलौदाबाजार, डॉ. केशव साहू, विजन सेंटर रायपुर डॉ. बलराम साहू, अरविंदो हॉस्पिटल डॉ. हरिश्चंद्र वर्मा, बिलासपुर के डॉ. अजय साहू, डॉ. गौरव मिश्रा, डॉ. शिवांकर, डॉ. नीतीश कुमार, डॉ. आयुष सोनी आदि का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया।

**आयोजन : अंचल की 16 टीमों ने लिया हिस्सा**

# व्हालीबाल स्पर्धा में सड्डू ने ट्राफी पर किया कब्जा, दूसरे स्थान पर कुथरौद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



ग्राम ओटगन में श्रीराम सेवक परिवार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक शांताराम सर्राफ की स्मृति में एक दिवसीय व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन प्राचीन राम-जानकी मंदिर परिसर में 4 जनवरी को किया गया। इसमें अंचल के 16 टीमों जिनमें ओटगन, सिमगा, कुथरौद ए, कुथरौद बी, सड्डू ए, सड्डू बी, खम्हरिया ए, खम्हरिया बी, कुसमी, कोनारी, पथरी, उरकुरा, तुलसी, सुहेला, नवापारा, 18 एकड़ - राजनांदगांव ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सड्डू की टीम ने विपक्षी टीम को कांटे की टक्कर में पराजित कर ट्राफी पर कब्जा करते हुए 9001 रू जीता। वहीं दूसरे स्थान पर कुथरौद ए टीम रही, जिसे 6001 रुपए एवं ट्राफी प्रदान किया गया। तीसरे स्थान खम्हरिया को 3001 रुपए व ट्राफी तथा चौथे स्थान पर ओटगन को 1501 रू व ट्राफी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इससे पूर्व उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि जिला पंचायत रायपुर के सभापति शैल महेंद्र साहू, सरपंच हिमांशु तिवारी, तिल्दा नेवरा के पार्षद रानी सौरभ जैन, उपसरपंच खेमिन ध्रुव, भाजपा मंडल अध्यक्ष तिल्दा मनोज निषाद व रहे। वहीं देर रात समापन समारोह के अतिथि सांसद प्रतिनिधि अनिल अग्रवाल, वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र शर्मा, मंडल उपाध्यक्ष सौरभ जैन, जनपद सदस्य उत्तरा रामजी निषाद रहे। प्रतियोगिता में बेस्ट बुस्टर भोल खम्हरिया, बेस्ट शुटर कुणाल श्रीवास ओटगन, बेस्ट डिफेंडर सुमीत सड्डू, बेस्ट सर्विसर रविशंकर डहेरिया कुथरौद, बेस्ट ऑलराउंडर सागर वर्मा खम्हरिया ट्राफी व आकर्षक पुरस्कार प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर अतिथियों द्वारा आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक शांताराम सर्राफ को नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अतिथियों ने बताया कि ओटगन के राम-जानकी मंदिर से उन्हें काफी लगाव था वे ओटगन में व्हालीबाल खेल के जन्मदाता भी है, जहां बिना कोच के बच्चे व्हालीबाल खेलते हैं तथा उनके ही प्रयास से व्हालीबाल खेल में ओटगन की पहचान बढ़ी है। शांताराम के प्रयास से ही यहां प्रतिवर्ष व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता रहा है। उक्त प्रतियोगिता को सफल बनाने में श्रीराम सेवक परिवार के विजय सोनवानी, ललित मिर्झा, उमेश साहू, सत्यप्रकाश यादव, रोहित यादव, नंदकुमार सोनवानी, जितेन्द्र यादव आदि का विशेष योगदान रहा। रायपुर के पूर्व महापौर तरूण चटर्जी के सुपूत्र अविनाश चटर्जी अपनी पत्नी अनु ठेठवार चटर्जी के साथ कार्यक्रम में शामिल हुए। चटर्जी दंपति ने प्रतियोगिता में शामिल प्रत्येक टीम को राम दरबार व स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### शीनू ने जीती बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता



**खरोरा।** स्थानीय निवासी शीनू देवांगन ने रायपुर में आयोजित बॉडीबिल्डिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए मिस्टर रायपुर और मिस्टर छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम कर लिया है। मात्र 22 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल कर उन्होंने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शीनू पिछले 5 वर्षों से बॉडीबिल्डिंग के क्षेत्र में लगातार मेहनत कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कई प्रतियोगिताओं में भाग लिया और कई बार असफलता व रिजेक्शन का सामना भी किया, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। 2026 की शुरुआत में उनकी मेहनत रंग लाई और उन्होंने दोनों प्रतिष्ठित खिताब जीत लिए। अपनी जीत का श्रेय देते हुए शीनू ने बताया कि उनकी सफलता में जिम के ओनर वकार भैया की अहम भूमिका रही है। उन्होंने कहा, वकार भैया मेरे लिए रविवार को भी जिम खोल देते थे ताकि मेरे वर्कआउट में कोई समझौता न हो। वे हमेशा मेरे साथ खड़े रहे और मुझे लगातार मोटिवेट करते रहे। शीनू एक बेहद फोकस्ड और डिसिप्लिन्ड खिलाड़ी हैं। वे अपनी डाइट को लेकर काफी सख्त रहते हैं और प्रतियोगिता के समय दिन में दो बार वर्कआउट सुबह और शाम किया करते थे। जानकारी के अनुसार शीनू जनवरी और फरवरी महीने में कुल 7 प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेंगे। उनका अगला मुकाबला इंदौर में होने वाला मिस्टर इंडिया प्रतियोगिता है उसके बाद भिलाई, दल्ली, राझरा दुर्ग में कॉम्पीटिशन खेलेंगे ।

# 15वें वित्त की राशि नहीं मिलने पर सरपंचों में आक्रोश





हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल

विकासखंड कसडोल के अंतर्गत ग्राम सेल में आयोजित सरपंच संघ की बैठक में सरपंचों का आक्रोश चरम पर दिखा। पिछले एक वर्ष से पंचायतों के खाते में 15वें वित्त की राशि नहीं आने और मनरेगा के तहत कराए गए निर्माण कार्यों का भुगतान अटकने से सरपंचों ने केंद्र सरकार के प्रति भारी नाराजगी जाहिर की है। सरपंचों का कहना है कि आर्थिक तंगी के कारण अब गांवों में विकास कार्य पूरी तरह शून्य हो गए हैं।

बैठक में सरपंचों ने अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि ग्राम पंचायतों के खाते में वर्तमान में जीरो बैलेंस है। विकास कार्यों के लिए जिन मटेरियल दुकानों से उधारी में सामान लिया गया था, वे अब रोजाना पैसों के लिए तगादा कर रहे हैं। सरपंचों ने बताया कि वे निजी तौर पर कर्ज में डूब चुके हैं और गांव में उनकी सामाजिक प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। बिना फंड के पंचायतों का संचालन करना असंभव हो गया है। सरपंच संघ ने चिंता जताते हुए कहा कि सामने 26 जनवरी का राष्ट्रीय पर्व है। पंचायतों के पास ध्वजारोहण और अन्य गरिमामयी आयोजनों के लिए भी पैसे नहीं हैं। उधारी में सामान लेकर पंचायत चलाना अब बस से बाहर हो चुका है।

- कर्ज के बोझ तले दबे ग्राम पंचायत, आंदोलन की तैयारी

### रायपुर कूच की तैयारी

अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए सरपंच संघ ने अब राजधानी रायपुर में उच्च स्तरीय चर्चा करने का निर्णय लिया है। सरपंचों का कहना है कि यदि जल्द ही राशि जारी नहीं की गई, तो वे उग्र प्रदर्शन को मजबूर होंगे। सरपंच संघ की इस बैठक में अध्यक्ष कपिल देव नायक, आर्यन पैंकरा सरपंच सेल, संतोष कुमार ध्रुव गिरौदपुरी, होरीलाल ध्रुव छांछी, कमला देवी साहू डेराडीह, प्रतिमा सरवानी, महिपाल मोतीपुर, पार्वती ध्रुव असनींद, राजाराम पटेल, गायत्री जाटवार, लक्ष्मी बाई ध्रुव टेमरी, रामेश्वरी कैवर्त्य मुड़ियाड़ीह, रंजित सिंह पटेल दर्रा, सुनीता पैंकरा बोरसी सहित बड़ी संख्या में सरपंच उपस्थित थे।

# वार्षिक राज अधिवेशन में छात्र-छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद



छत्तीसगढ़ मनवाकुर्मी क्षत्रिय समाज अर्जुनी राज वार्षिक राज अधिवेशन ग्राम दावनबोड़ में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का समावेश रहा।

अधिवेशन के दौरान प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान कर सम्मानित किया गया, वहीं समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मान से नवाजा गया। समाज सेवा के तहत निशुल्क रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया तथा आमजन के लिए निशुल्क बीपी एवं शुगर जांच की व्यवस्था की गई, जिसमें डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम उपस्थित रही। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर लगभग 60 से 70 ग्रामों के स्वजातीयगण, विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोडसराम कश्यप ने की। संयोजक के रूप में अर्जुनी राज के राज प्रधान हरिराम वर्मा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अति विशिष्ट अतिथियों में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल, कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा महिला आयोग सदस्य सहित विभिन्न राज प्रधान एवं समाज के वरिष्ठजन हुए। अधिवेशन में समाज को एकजुट रखने, समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा तथा समाज के सर्वांगीण विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं अनुशासित ढंग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर अर्जुनी राज के राज प्रधान हरिराम वर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों, पदाधिकारियों एवं ग्रामवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामवासियों ने इस सफल आयोजन को लेकर खुशी जाहिर की।

## एसआईआर के तहत दावा-आपत्तियों पर सुनवाई शुरू



**बलौदाबाजार|** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक सोनी के मार्गदर्शन में जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत प्राप्त दावा आपत्तियों की सुनवाई ईआरओ एवं एईआरओ द्वारा किया जा रहा है। दावे-आपत्तियों की अवधि 23 दिसंबर से 22 जनवरी तक निर्धारित है। दावे और आपत्तियां प्राप्त करने की अवधि निर्धारित की है, जिसमें प्रतिदिन शाम 5 बजे तक आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में राजनीतिक दलों द्वारा बीएलओ के माध्यम से दावे-आपत्तियां प्रस्तुत की जा सकती हैं। निर्धारित प्रपत्रों में प्राप्त दावा आपत्तियों पर ही कार्यवाही की जाएगी। मतदाता सूची के प्रकाशन से पहले नाम जोड़ने के लिए फॉर्म-6, नाम विलोपन के लिए फॉर्म-7 एवं संशोधन हेतु फॉर्म 8 प्राप्त हुए हैं।

**पेज 9 के शेष**

### हिंदू सम्मेलन में...

की एकता पर जोर देते हुए कहा कि हमारे पंथ और दर्शन अलग हो सकते हैं, लेकिन हमारी आत्मा हिंदुत्व एक है। उन्होंने संघ द्वारा बताए गए पंच परिवर्तन के विषयों को जीवन में उतारने का आह्वान किया, जिसमें स्व का बोध, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण और नागरिक कर्तव्य बोध शामिल हैं। कार्यक्रम का कुशल संचालन नूतन सेन ने और आभार प्रदर्शन शिव शंकर अग्रवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्याम शुक्ला, सुनीता वर्मा, मोहन साहू, राधेश्याम पटेल, टेशू लाल धुरंधर, इंदू पंजवानी, राजनारायण केशरवानी, प्यारे लाल सेन सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।

**रायगढ़ में दो दिनों तक चला सम्मेलन**

# प्रांत स्तरीय सम्मेलन में जिले के सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलाईगढ़




छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा आयोजित दो दिवसीय प्रांत स्तरीय शिक्षक सम्मेलन एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन 3 से 4 जनवरी को बूढ़ी माई की धरती रायगढ़ में हुआ। इसमें सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले से भी शिक्षकों ने अपनी सहभागिता निभाई। उदघाटन सत्र में शिक्षक संघ के चार पुरुषार्थ राष्ट्र हित, शिक्षा हित, शिक्षार्थी हित एवं शिक्षक हित पर प्रदीप शर्मा, पूर्व प्रांतीय संगठन मंत्री का पाथेय प्राप्त हुआ। राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर नारायण नामदेव, सह प्रांत प्रचारक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का उद्बोधन प्राप्त हुआ। प्रथम दिवस विभिन्न जिले से आए शिक्षक प्रतिनिधियों से स्वतंत्र विचार आमंत्रित किए, जिसमें अनेक जिला से आए शिक्षकों ने अपना विचार प्रस्तुत किए और शिक्षार्थी व शिक्षक हित में आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए। सम्मेलन के द्वितीय दिवस में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर आलोक शर्मा, सेवानिवृत्त प्राध्यापक शिक्षा महाविद्यालय रायपुर द्वारा संवाद सत्र हुआ। समाज और राष्ट्र निर्माण में पंच परिवर्तन के बारे में गोपाल यादव, सह प्रांत कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने सभी शिक्षक समुदाय को संबोधित किया। इस सम्मेलन में मुख्य अतिथि ओ पी चौधरी वित्त मंत्री, रूप कुमारी चौधरी, सांसद महासमुंद लोकसभा, नगर निगम के महापौर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन में रायगढ़ जिले के समस्त शिक्षक संघ के साथी, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, प्रांताध्यक्ष संजय सिंह ठाकुर, प्रांतीय उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी का विशेष सहयोग रहा। सारंगढ़ से शामिल होने वाले शिक्षक में रामकुमार साहू जिला अध्यक्ष सारंगढ़ बिलाईगढ़, पुनाराम साहू, पंचराम साहू, योगेंद्र पड़वार, श्याम सुंदर सबर, बुद्धेश्वर कश्यप, भागवत साहू, आशीष दुबे,चूड़ामणि साहू, त्रिलोक हरिप्रिय, मनोज कश्यप, मेहतर देवांगन, सजन ,ईश्वर नायक, ललित साहू, रामेश्वर प्रसाद साहू, बंटकर सिंह पोर्ते, जितेंद्र कुमार खटकर सहित सैकड़ों शिक्षक शामिल हुए।

# धोबी समाज जारा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन 9 को

**अर्जुनी।** झेरिया धोबी समाज जारा परिक्षेत्र का वार्षिक अधिवेशन 9 जनवरी को सुबह 11 बजे से भालूकोना मंदिर परिसर (मुसुवाडीह) में रखा गया है। वार्षिक अधिवेशन के मुख्य अतिथि कसडोल विधायक संदीप साहू होंगे। अध्यक्षता जारा परिक्षेत्र अध्यक्ष नीलमणि चौधरी करेंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक प्रदेश संरक्षक एवं केंद्रीय अध्यक्ष झड़ीराम कन्नौजे, तुमगांव नगर पंचायत उपाध्यक्ष सावित्री, उत्तम निर्मलकर, जनपद सदस्य अनीता, प्रवीण धुरंधर रजककार विकास बोर्ड के पूर्व एवं प्रथम अध्यक्ष लोकेश कन्नौजे, आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी कमलेश रजक, जनपद सभापति अश्वनी रजक, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष निर्मला रजक, लवन राज अध्यक्ष पन्नालाल रजक, कांग्रेस नेता युवराज चंद्राकर, महामंत्री विशेसर वर्मा, जनपद सदस्य वीरेंद्र महेश्वरी, भोथाडीह सरपंच धनेश निर्मलकर, जारा सरपंच रामायण धीवर, मुसुवाडीह सरपंच अंजली पवन सारथी, जारा परिक्षेत्र उपाध्यक्ष नोहर लाल निर्मलकर, कोषाध्यक्ष कुंजीलाल निर्मलकर, सचिव सरजू निर्मलकर, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर, पूर्व सचिव लीलाधर निर्मलकर, पूर्व कोषाध्यक्ष प्रेमलाल रजक, प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। जारा परिक्षेत्र अध्यक्ष नीलमणि चौधरी ने बताया कि वार्षिक अधिवेशन कार्यक्रम की तैयारी चल रही है और सफलतापूर्वक संपन्न कराने सामाजिक लोग जुटे हुए हैं।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
03 जनवरी 2026
SHOW TIME
धुरंधर
शो समय - 03:00, 6:45, 9:00 PM
इक्कीस
शो समय - 12:00, 6:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 12:00, 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# नगर में विकास कार्यों का भूमिपूजन, 26.05 लाख की मिली मंजूरी

**सीसी रोड निर्माण एवं सार्वजनिक सुविधा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत हुई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

नगर के सुभाष वार्ड में नागरिक सुविधाओं के विस्तार एवं क्षेत्रीय विकास को गति देने के उद्देश्य से विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा एवं नगर पालिका परिषद भाटापारा के अध्यक्ष अश्वनी शर्मा की उपस्थिति रही।

भूमिपूजन के अंतर्गत वार्ड में सीसी रोड निर्माण एवं सार्वजनिक सुविधा से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यों की शुरुआत की गई। इनमें सीसी रोड निर्माण कार्य शामिल है। लखन शर्मा कॉलोनी स्थित शिव मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शेड निर्माण कार्य का भी भूमिपूजन किया गया। इन सभी विकास कार्यों की कुल स्वीकृत लागत 26.05 लाख रुपये हैं। इस अवसर पर पूर्व जिलमहामंत्री राकेश तिवारी, सभापति गोविंद पटेल, कुंजराम कोशले, मनीष मिश्रा, पार्षद संध्या साहू, उमाशंकर वर्मा, प्रत्येश राठौर, बंटी टंडन, दीपा साहू, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश मंत्री आशीष जायसवाल, मंडल अध्यक्ष योगेश अनंत, पूर्व पार्षद सुनील यदु, राजेश साहू, शुभम राजपूत, अंजनी जायसवाल, मधु सोनी, आयेशा खान, तनुजा धृतलहरे, संतोष सेन, सुरेश साहू, प्रकाश शर्मा, नानकु ठाकुर, शरद तिवारी, विनय ठाकुर, निकेश साहू, कैलाश शर्मा, राजकुमार ठाकुर उपथित थे।



### नगर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका

पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा ने कहा- भाटापारा नगर में आधारभूत सुविधाओं का सुदृढ़ीकरण हमारी प्राथमिकता रही है। सुभाष वार्ड में प्रारंभ किए गए ये विकास कार्य आमजन के जीवन को सुगम बनाएंगे और क्षेत्र के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा नगर के प्रत्येक वार्ड में आवश्यक विकास कार्यों को चरणबद्ध रूप से पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध है। सुभाष वार्ड में सीसी रोड एवं शिव मंदिर परिसर में शेड निर्माण जैसे कार्य नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में एक सार्थक कदम हैं।

## खबर संक्षेप

### 2026 की शुरुआत आराध्य देवियों के पूजन से हुई

**महासमुंद।** कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने 2026 की शुरुआत मां खल्लारी मंदिर, मां चंडी मंदिर, बागबाहरा स्थित दुर्गा मंदिर, हनुमान मंदिर आदि देवालयों में पूजा अर्चना से की। अंकित ने कहा कि उन्होनें क्षेत्रवासियों की खुशहाली और उत्तम स्वास्थ्य की कामना के साथ प्रमुख पूज्य स्थलों का दर्शन पूजन कर की है।

### आज बागबाहरा आएंगे जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष व उपाध्यक्ष

**नर्रा।** जिला सहकारी बैंक रायपुर के अध्यक्ष निरंजन सिन्हा एवं उपाध्यक्ष अभिनेश कश्यप का आगमन 6 जनवरी को बागबाहरा में होने जा रहा है। जहां कुछ देर रेस्ट हाऊस में विश्राम करेंगे। उनके आगमन पर स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। इसके बाद जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान में बैंकिंग कार्य व्यवहार की जानकारी लेने के पश्चात ओडिशा सीमा से सटे प्राथमिक कृषि साख सहकारी परसुली धान संग्रहण केंद्र में धान खरीदी की जायजा लेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए लोचन पटेल ने क्षेत्र के कृषकों ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### शाकंभरी देवी की पूजा में शामिल होंगे लोचन

**नर्रा।** नागपुर में आगामी 11 जनवरी को आयोजित मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा एवं यज्ञीय विधि विधान से पूजा अर्चना एवं कथा प्रवचन के लिए लोचन पटेल संस्थापक एवं संयोजक को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। उल्लेखनीय यह है कि छत्तीसगढ़ मरार समाज के निवासरत विभिन्न क्षेत्रों में मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना कर मरार समाज को संगठित करने वाले लोचन पटेल ने विगत 30 वर्षो से विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न ग्रामों एवं शहरों में मां भगवती शाकंभरी देवी की पूजा अर्चना कर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया है।

## निधन

### श्यामसुंदर अग्रवाल



**पलारी/सेल।** क्षेत्र के पूर्व विधायक गौरीशंकर अग्रवाल के बड़े भाई श्यामसुन्दर अग्रवाल का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 6 जनवरी को निवास स्थान बी-11, ऐश्वर्या विंडमिल, जैक एंड जील स्कूल के सामने वाली रोड से मारवाड़ी श्मशान के लिए सुबह 10 बजे निकलेगी। वे संजय अग्रवाल के पिता तथा नितिन, अनुराग, भावेश, अक्षत, आदित्य, विवान भतीजे तथा प्रज्जवल, उज्जवल, केशव, हिमांशु, अयन उनके पोते हैं।

**प्रवचन : 5 से 13 जनवरी तक चलेगी कथा, कल नारद मोह प्रसंग**

# कलश यात्रा के साथ सेल में शुरू हुई संगीतमय शिव महापुराण कथा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेल





विकासखंड कसडोल के ग्राम सेल में सोमवार से नौ दिवसीय संगीतमय शिव महापुराण कथा का भव्य मंगल कलश यात्रा के साथ श्रीगणेश हुआ। 5 से 13 जनवरी तक चलने वाले इस आध्यात्मिक आयोजन को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह और भक्ति का माहौल है।

सोमवार दोपहर स्थानीय कीर्तन पार्टी के नेतृत्व में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में युवतियों और महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर सहभागिता दी। यात्रा डीहपारा से शुरू होकर सूतिया पारा होते हुए बंधवा तालाब पहुंची, जहां विधि-विधान से जल भरकर कथा स्थल तक लाया गया। गाजे-बाजे और शिव भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

कथा का वाचन पं. घनश्यामानंद पांडेय द्वारा की जाएगी। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भगवान भोलेनाथ की महिमा का रसपान कर अपने जीवन को धन्य बनाएं।

9 दिनों के कार्यक्रम में कथा प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से प्रारंभ होगी। आज दूसरे दिन शिवपुराण परिचय एवं कथा प्रारंभ। 7 जनवरी नारद मोह प्रसंग, 8 को सती चरित्र एवं पार्वती जन्मोत्सव, 9 को शिव-पार्वती विवाह उत्सव, 10 को कार्तिकेय एवं गणेश जन्मोत्सव, 11 को त्रिपुरासुर, जालंधर एवं शंखचूड़ उद्धार कथा, 12 को शिव अवतार एवं द्वादश ज्योतिर्लिंग वर्णन और 13 जनवरी को महाभिषेक, हवन, पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारा होगा।

कार्यक्रम में मुख्य यजमान श्यामलाल जायसवाल-रमला जायसवाल एवं फागूलाल साहू-लक्ष्मीन साहू हैं। कार्यक्रम का आयोजन मित्र मंडल सेवा समिति एवं समस्त मोहल्लावासी सत्यनारायण जायसवाल, अनुप कुमार कैवर्त्य, संतोष साहू, अजय जायसवाल, दिनेश साहू, चंद्रभान जायसवाल, मोहन जायसवाल सहित अन्य के सहयोग से किया जा रहा है।

### कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ


**खरोरा।** ग्राम मोहरेंगा गांधी चौक में 4 जनवरी से श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक कलश यात्रा से की गई, जिसमें पीले वस्त्रों में सजी-धजी महिलाओं ने सिर पर मंगल कलश धारण कर श्रद्धा और उत्साह के साथ नगर भ्रमण किया। ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयघोष के बीच निकली इस कलश यात्रा ने पूरे गांव को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। कलश यात्रा के माध्यम से धार्मिक अनुष्ठानों का विधिवत आरंभ हुआ। महिलाओं के सिर पर रखे कलशों पर स्वस्तिक, ऊँ और शुभ चिह्न अंकित थे, वहीं कलशों में आम-पत्ते और नारियल सुसज्जित किए गए थे, जो सुख-समृद्धि और मंगल कामना के प्रतीक माने जाते हैं। ग्रामीणों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इसके पश्चात श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की कथा आरंभ हुई, जो 12 जनवरी तक आयोजित की जाएगी। कथा स्थल ग्राम मोहरेंगा गांधी चौक है। इस आयोजन में कथा व्यास पं. पंडित शिवकुमार त्रिपाठी द्वारा प्रतिदिन श्रीमद् भागवत महापुराण की अमृतमयी कथाओं का रसपान कराया जा रहा है। इसमें भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्र, अवतार कथाएं, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष सहित कई दिव्य प्रसंग शामिल हैं। अंतिम दिन गीता पाठ, तुलसी विवाह, हवन एवं सहस्त्रधारा के साथ कार्यक्रम का समापन होगा।



# गाड़ाकुसमी में 9 और 10 जनवरी को कबीर सत्संग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

सद्गुरु कबीर पारख सेवा संस्थान के तत्वावधान में ग्राम गाड़ाकुसमी में 9 और 10 जनवरी को दो दिवसीय कबीर सत्संग समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन को लेकर ग्रामवासियों एवं कबीर पंथ अनुयायियों में उत्साह देखा जा रहा है।



समारोह के मुख्य प्रवक्ता गुरुदेव निष्ठा साहेब एवं संत कबीर अध्यात्म संस्थान, मुंजापुर मसौली, बाराबंकी (उत्तर प्रदेश) तथा हरेंद्र साहेब कबीर आश्रम परसष्ठी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में संत कबीर साहेब के विचारों, उनके जीवन-दर्शन एवं सामाजिक समरसता के संदेशों पर प्रकाश डाला जाएगा। आयोजन समय सुबह 10.30 से 01.30 बजे तक तथा दोपहर 2.30 से सायं 5.30 बजे तक सत्संग, भजन एवं प्रवचन का आयोजन होगा। संतों द्वारा कबीर वाणी के माध्यम से मानवता, प्रेम, समानता, सदाचार एवं आडंबर-रहित जीवन के महत्व को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। आयोजकों ने समस्त श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सत्संग का लाभ लेने की अपील की है।

### मूरा में गुरु घासीदास जयंती व मड़ई मेला आज

**बंगोली।** ग्राम पंचायत मूरा में इस वर्ष भी गुरुघासीदास जयंती व मड़ई मेला का आयोजन 6 जनवरी को आयोजित किया गया है। जयंती कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब मंत्री कौशल विकास तकनिकी शिक्षा एवं रोजगार अनुसुचित जाति, अध्यक्षता नवीन अग्रवाल-अध्यक्ष जिला पंचायत रायपुर, अनिता शर्मा -विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक धरसींवा, श्याम नारंग भाजपा जिलाध्यक्ष रायपुर ग्रामीण, कंचन टोकेंद्र गायकवाड़-सरपंच मूरा, संतोषी जगदीश वर्मा उपसरपंच, समस्त क्रेशर मालिक व पंचगण तथा समस्त ग्रामवासी मूरा है । जयंती पर बालिका पंथी पार्टी- श्रद्धा के फूल बरौडा, बालिका पंथी पार्टी भरुवाडीह कला, अखाड़ा दल एवं रात्रि में मनोरंजन के लिए वीरेन्द्र चतुर्वेदी का मंच कार्यक्रम होगा ।

### साबर में हिंदू सम्मेलन आज

**सेल।** ग्राम पंचायत साबर में 6 जनवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन रखा गया हैं। सकल हिंदू समाज के द्वारा हिंदू जागरण की दिशा को नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने हेतु सर्व हिंदू समाज के द्वारा सनातन संस्कृत सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता के प्रतीक विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। मुख्य वक्ता शालीन साहू जिला कार्यवाह बलौदाबाजार कार्यक्रम विवरण 6 जनवरी समय दोपहर 2 बजे से शाम 5 बजे तक स्थान बजरंग चौक साबर मांगलिक कार्यक्रम दोपहर 2 बजे से प्रारंभ सर्व हिंदू समाज साबर जिला बलौदाबाजार है।

# करही बाजार में हुआ हिंदू सम्मेलन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| करहीबाजार

संघ के शताब्दी वर्ष में करही बाजार में हुए हिंदू सम्मेलन का शुभारंभ कलश यात्रा, जय श्रीराम की जयकारे भ्रमण, कीर्तन के साथ द्वीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ और भारत माता की आरती के साथ समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मदकू द्वीप रामाश्रय आश्रम से आए महंत रामरूप दास महात्यागी महाराज ने सम्मेलन में भाषा, भूषा, भवन, भजन, भोजन और भ्रमण अपने स्वयं के होने पर विशेष ध्यान देने के बारे में अवगत कराए। इस संदर्भ में हमारे आस पास आने जाने वाले लोगों पर विशेष ध्यान देने बताते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण करने करने वाले लोगों पर ऐसे ही ध्यान न देने पर हमारे सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ रहे हैं। और हमारे आस पास की व्यवस्था को बिगाड़ने का कार्य कर रहे हैं। महंतजी ने समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किए। अंत में भारत माता की आरती के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

हिंदू सम्मेलन में संयोजक राजेश पटेल, सह संयोजक अरुण निषाद, सदस्य रामकुमार यादव, अजर दास मानिकपुरी, कृष्णा केसरवानी मुकेश केसरवानी, बसंत देवांगन, दुकालू देवांगन, राजकपूर केसरवानी, रमाशंकर पटेल, राम पटेल, अशोक पटेल, कृष्ण दास, तेजराम, रामकुमार पटेल, अजय सोनी, दीपांशु दास, सह जिला कार्यवाह तुलेंद्र वर्मा एवं पर्यावरण संरक्षक गतिविधि संयोजक शुभम वर्मा आदि मौजूद थे।

# वटगन विद्यालय में बालिकाओं ने लिया कराते का प्रशिक्षण

**पलारी।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में विद्यार्थियों को रानी लक्ष्मी बाई आत्म सुरक्षा प्रशिक्षण स्नेहा टंडन कराते प्रशिक्षिका द्वारा दिया जा रहा है। इसमें 9वीं से 11वीं तक के बालिकाएं कराते का गुर सिख रही हैं। प्रभारी प्राचार्य एच के वर्मा ने बताया कि कराते प्रशिक्षण लेकर हमारी बेटियों में उत्साह के साथ-साथ आत्मविश्वास में बढ़ोतरी हुई है, आगे चलकर इसका लाभ अवश्य मिलेगा। इस दौरान व्याख्याता बीएल ढीढ़ी, एमके वैष्णव, रेखा वर्मा, टीके साहू, शुशिला जांगड़े, रेणुका जांगड़े सहित विद्यार्थी उपस्थित थे।



# कान्य कुब्ज युवा संगिनी संगठन ने प्राथमिक स्कूल के बच्चों को बांटे स्वेटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिला कान्य कुब्ज युवा संगिनी संगठन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को जिसमें कक्षा एक से कक्षा पांचवी तक के सभी विद्यार्थियों को ठंड की अधिकता को देखते हुए उन्हें स्वेटर वितरित की गई। छात्र स्वेटर पाकर उत्साह दिखे।

इससे छोटे बच्चे, जो प्रातः स्कूल आते थे उनके पास पहनने के लिए स्वेटर नहीं थी, उन्हें बढ़ी राहत मिली है। संगठन की संरक्षिका प्रभा शुक्ला ने छोटे-छोटे बच्चों को रोज सुबह स्कूल आते देखकर और ठंड की अधिकता देखते हुए उन्होंने निर्णय लिया था कि हम अपने संगठन द्वारा इन बच्चों को स्वेटर का वितरण करेंगे, जिससे इन्हें ठंड से राहत मिलेगी। उन्होंने अपना संकल्प पूरा करते हुए संगठन द्वारा बच्चों के लिए स्वेटर लेकर संगठन की अध्यक्ष गायत्री शुक्ला को बच्चों के स्कूल भेज कर सभी बच्चों को स्वेटर वितरण करवा, जिसमें कक्षा पहली के 20 बच्चे, दूसरी के 20, तीसरी के 22, चौथी के 31 और कक्षा पांचवी के 27 कुल 120 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया।

इसमें युवा संगिनी के सदस्यों ने अपनी सहभागिता दी। गायत्री शुक्ला, अर्चना त्रिवेदी, दीप्ति मिश्रा, श्रद्धा दुबे, नम्रता शुक्ला, मीनाक्षी तिवारी, रानी वाजपेई, लीना वाजपेई, स्वती मिश्रा, प्रेमलता तिवारी, गौरी शुक्ला, प्रीति वाजपेई, शीला दीक्षित, प्रतिमा तिवारी, पूनम तिवारी, कीर्ति मिश्रा, बीना मिश्रा, संध्या बाजपेई, बालक शाला की प्रधान पाठक का नविता दुबे, शिक्षक गोपाल पटेल, राजकुमार साहू, नीरज बंजारे, हेमलता साहू, पुष्पा यादव उपस्थित थे।

**बिजली बिल से मिली मुक्ति, पीएम और सीएम का जताया आभार**

# पीएम सूर्यघर योजना से रौशन हुआ शिक्षक का घर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



संजय नगर कॉलोनी निवासी और पेशे से शिक्षक राजेश साहू के जीवन में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना एक नई रोशनी लेकर आई है। सोशल मीडिया के माध्यम से इस योजना के विज्ञापन से प्रेरित होकर राजेश ने बिजली विभाग के कार्यालय में जाकर विस्तृत जानकारी प्राप्त की और इस योजना की महत्ता को समझते हुए तत्काल अपने घर की छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल सिस्टम लगवाने का निर्णय लिया। शासन की इस जनकल्याणकारी योजना के तहत उन्हें न केवल सुलभ किस्तों में सिस्टम लगाने की सुविधा मिली, बल्कि नियमानुसार सरकार से आकर्षक सब्सिडी का लाभ भी प्राप्त हुआ। सोलर पैनल स्थापित होने के बाद अब राजेश साहू का घर पूरी तरह सौर ऊर्जा से ऊर्जित हो रहा है, जिससे उन्हें हर महीने आने वाले भारी-भरकम बिजली बिल की चिंता से हमेशा के लिए छुटकारा मिल गया है। इस सकारात्मक बदलाव और आर्थिक राहत से उत्साहित होकर शिक्षक राजेश साहू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। उनका मानना है कि यह योजना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि मध्यमवर्गीय परिवारों को महंगाई के दौर में बिजली खर्च से बचाने का एक बेहतरीन माध्यम भी है।

